	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	वैशाख 01, मंगलवार, *शाके* 1948- अप्रेल 21, 2026 Vaisakha 01, Tuesday, Saka 1948- April 21, 2026	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

राजस्व (ग्रुप-1) विभाग

अभ्यावेदन निस्तारण आदेश

जयपुर, मार्च 28, 2026

संख्या प.9(38)राज-1/2025-26530:- इस विभाग की अधिसूचना प. 9(38)राज-1/2025-26530 दिनांक 18.03.2025 (क्र.सं. 1) द्वारा फलौदी जिले की तहसील बाप के मूल राजस्व ग्राम जैमला में से नवीन राजस्व ग्राम हिम्मत नगर के विरूद्व याचिकाकर्ता राणाराम व अन्य बनाम राज्य सरकार द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में दायर SBCW No. 15209/2025 में निर्णय दिनांक 01.09.2025 को पारित किया हैं। न्यायिक आदेश के अनुक्रम में याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन एवं जिला कलक्टर, फलौदी की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण का निर्धारित मापदण्डों के परीप्रेक्ष्य में परीक्षणोरांत नवघोषित राजस्व ग्राम हिम्मत नगर का नाम प्रचलित नाम होने के कारण उपयुक्त है।

अतः राज्य सरकार एतद्द्वारा राजस्व ग्राम हिम्मत नगर को यथावत रखा जाना निर्णित कर अभ्यावेदन निस्तारित करती है। **जिला कलक्टर, फलौदी उक्त राजस्व ग्रामों के खसरा जमाबन्दी, नक्शे आदि अभिलेखन कार्य निष्पादन की सूचना से राज्य सरकार को सूचित करेगें।** यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

आज्ञा से,

हरि सिंह मीना,
शासन उप सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।